# फिल्म सिटी का लेआउट प्लान मंजूर

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा:** यमुना अथारिटी ने यीडा सिटी के सेक्टर-21 के अंतर्गत इंटरनेशनल फिल्म सिटी का लेआउट प्लान बृहस्पतिवार को मंजूर कर दिया। 230 एकड़ में बनने वाली फिल्म सिटी के पहले फेज में 75 एकड़ में कामर्शियल डेवलपमेंट का अप्रूवल दिया गया है, जबकि 155 एकड़ एरिया में इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट की मंजूरी दी गई है। 230 एकड़ जमीन सात जोन में विकसित होगी। इसमें तीन जोन कामर्शियल डेवलपमेंट के होंगे, जबकि 4 जोन इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के रहेंगे।

यीडा के सेक्टर-21 में 1,000 एकड़ में इंटरनेशनल फिल्म सिटी बननी है। पहले फेज के लिए 230 एकड़ के लेआउट प्लान को मंजूरी दी गई है। बाकी के दो फेज के लिए बाद में ग्लोबल टेंडर निकाले जाएंगे।

पहले फेज को विकसित करने की जिम्मेदारी पिछले साल फिल्म निर्माता बोनी कपूर व भूटानी ग्रुप की कंसोर्टियम को मिल गई थी। पिछले वर्ष 23 दिसंबर को बोनी कपूर की कंपनी ने इसका लेआउट प्लान अप्रूव कराने को यमुना अथारिटी में आवेदन किया था, जिसे मंजूरी दे दी गई है।

**155** एकड़ एरिया में इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट की मिली मंजूरी

**1,000** एकड़ में इंटरनेशनल फिल्म सिटी बननी है यीडा के से.-21 में

### 90 साल का लाइसेंस दिया गया है कंपनी को

फिल्म सिटी के लिए स्पेशल पर्पज कंपनी बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी का गठन किया गया है। बोनी कपूर कंपनी के चेयरमैन हैं। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी इसमें निदेशक के तौर पर शामिल हैं। कंपनी को फिल्म सिटी के निर्माण एवं संचालन के लिए 90 साल का लाइसेंस दिया गया है। कंपनी की कमाई से 18 फीसदी राजस्व यमुना प्राधिकरण को मिलेगा।